प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/ 5805

दिनांकः 19 मई, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर एवं कैरी ओवर परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5772 दिनांक 06 मई, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करे। विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर के समस्त पाठ्यक्रमों के (नवप्रवेशित छात्रों के सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक एवं बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रों को छोड़कर) अन्य सभी वर्षो में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की परीक्षायें दिनांक 25 मई, 2022 से दिनांक 15 जून, 2022 के मध्य आफ–लाइन मोड में प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर कराने हेतु सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम निर्गत् किया गया था।

उक्त के क्रम में संस्थान एवं छात्र / छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट वर्क एवं सैलेबस को सम्पन्न करने हेतु कुछ समय और चाहने के अनुरोध को विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर ने स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया है कि तद् परीक्षायें अब **दिनांक 04 जून, 2022 से 27 जून, 2022** के मध्य आयोजित कराया जाना है। परीक्षा का **विस्तृत कार्यक्रम** पृथक से शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जाएगा।

उक्त से अवगत होते हुए अध्ययनरत समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 19/05/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, सी0ए0एस0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य के साथ प्रेषित कि ई0आर0पी0 पर यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक